:: पुलिस मुख्यालय (तकनीकी सेवायें) म.प्र. भोपाल ::

नवीन भवन, क्षे.न्या.वि.प्रयोगशाला, भदभदा रोड, भोपाल

फोन नंबर 0755-2920061 (ई मेल adg.tech-cid@mppolice.gov.in)

क्रमांक- पुमु/अमनि/तक.सेवा./निस/ 148 /2026 भोपाल, दिनांक 07/08/2026

// सूचना //

मध्यप्रदेश न्यायालयिक विज्ञान प्रयोगशाला अराजपत्रित सेवा गृह (पुलिस) विभाग अंतर्गत प्रयोगशाला तकनीशियन, प्रयोगशाला सहायक एवं प्रयोगशाला परिचारक की भर्ती वर्ष-2026 की द्वितीय चरण की लिखित परीक्षा दिनांक 14-15/06/2026 को आयोजित की गई थी जिसका अंतिम परिणाम एम.पी.ऑनलाईन के चयन पोर्टल https://chayan.mponline.gov.in पर दिनांक 05/08/2026 को अपलोड कर दिया गया है। चयनित अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि वे -

1. **दिनांक 24.08.2026** को कार्यालयीन समय पर **कार्यालय निदेशक एफएसएल मध्यप्रदेश पता - नवीन भवन क्षेत्रीय न्यायालयिक विज्ञान प्रयोगशाला भदभदा रोड भोपाल** में अपने समस्त मूल दस्तावेजों के साथ (दो सेट छायाप्रति सहित) उपस्थित होना सुनिश्चित करें। निश्चित समयावधि में उपस्थित न होने तथा मूल दस्तावेजों के अभाव में चयनित अभ्यर्थी का चयन निरस्त कर दिया जावेगा जिसकी संपूर्ण जवाबदेही स्वयं चयनित अभ्यर्थी की होगी।
2. दिनांक 24.08.2026 को चयनित अभ्यर्थी को जिला मेडिकल बोर्ड द्वारा जारी मूल स्वास्थ्य परीक्षण रिपोर्ट प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
3. दिनांक 24.08.2026 को चयनित अभ्यर्थी को एम.पी.ऑनलाईन के चयन पोर्टल से अनुप्रमाणन फॉर्म डाउनलोड कर पूर्णरूप से भरकर दो प्रतियों के साथ प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
4. दिनांक 24.08.2026 को चयनित अभ्यर्थी को अनुप्रमाणन फॉर्म में दर्शाये गये शपथ पत्र अनुसार शर्तों का लेख करते हुये 500/- रूपये के स्टाम्प पर शपथ पत्र की मूल प्रति प्रस्तुत करनी होगी।

उप पुलिस महानिरीक्षक (तक.सेवा.)
हेतु-अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक
(तकनीकी सेवायें) पुमु, भोपाल
एवं अध्यक्ष चयन समिति
न्या0वि0प्र0 परीक्षा वर्ष-2026